प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 19.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **पेट्रोलियम कंपनियों के राज्यस्तरीय समन्वयक ने कहा– झारखंड में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य, ईंधन भंडार की लगातार हो रही निगरानी।**

2. **राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा – खरीफ फसल के मौसम में औसत से कम बारिश की है संभावना, किसानों से खेती के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने की अपील की।**

3. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची में नए समाचार पत्र का किया लोकार्पण, कहा– मीडिया को जनहित के मूल्यों के साथ करना चाहिए कार्य।**

4. **झारखण्ड कैडर के 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार झा को सीमा सुरक्षा बल में डीआईजी के पद पर किया गया नियुक्त, आदेश जारी।**

5. **रांची, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम समेत राज्य के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक होगी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।**

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओस्लो में भारत–नॉर्वे व्यापार और अनुसंधान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते के लागू होने के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश में हुई वृद्धि की सराहना की। श्रीमोदी ने कहा कि दोनों देशों को समझौते के तहत 100 अरब अमरीकी डॉलर निवेश और भारत में 10 लाख रोजगार सृजन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए।

****

पेट्रोलियम कंपनियों के राज्यस्तरीय समन्वयक डॉ. प्रदीप पॉल ने कहा कि झारखंड में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सहित सभी आवश्यक पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति सामान्य और निर्बाध बनी हुई है। उन्होंने बताया कि आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल की आपूर्ति श्रृंखला टर्मिनल, डिपो और रिटेल आउटलेट स्तर पर सुचारु रूप से कार्य कर रही है तथा ईंधन भंडार की लगातार निगरानी की जा रही है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है और राज्यभर में इसकी उपलब्धता सामान्य है। तेल कंपनियों ने लोगों से घबराकर खरीदारी नहीं करने और ईंधन उपलब्धता संबंधी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद रांची की मेयर रौशनी खलखो ने आम लोगों से पेट्रोलियम पदार्थों की बचत करने को कहा है। साथ ही उन्होंने देशहित में अभी सोने की खरीदारी नहीं करने की भी अपील की है।

****

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि इस वर्ष खरीफ फसल के मौसम में औसत से कम बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कृषि मंत्री ने किसानों से सही योजना और आधुनिक खेती तकनीक से इस परिस्थिति का सफलतापूर्वक सामना करने की अपील की।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के क्षेत्र में सड़क और पुल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही सड़क धंसने और पत्थरों के टूटने की घटनाएं विकास कार्यों की जमीनी सच्चाई को उजागर करती हैं। उन्होंने साहिबगंज उपायुक्त से मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची में एक नए समाचार पत्र का लोकार्पण करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की सबसे मजबूत ताकत है और मीडिया समाज की आवाज को शासन–प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता की जिम्मेदारी और बढ़ गई है तथा मीडिया को सत्य, नैतिकता और जनहित के मूल्यों के साथ कार्य करना चाहिए।

साउंड बाइट– हेमंत सोरेन ऑन पत्रकारिता – 19 सेकेंड

इस समारोह में मंत्री राधा कृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, मुख्य संपादक अंबरीश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

****

झारखण्ड कैडर के 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार झा को केंद्र सरकार में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में डीआईजी के पद पर नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया गया है।

****

राजधानी रांची समेत राज्य भर में मौसम का उतार–चढ़ाव जारी है। मौसम विभाग ने आज रांची समेत गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कहीं–कहीं 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। वहीं, 21 मई तक राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश होने का पूर्वानुमान जताया गया है।

****

राजधानी रांची के थरपखना स्थित यूनियन क्लब कराटे सेंटर में शोतोकान कराटे–डो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से एक दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडेशन शिविर का आयोजन किया गया। बेल्ट ग्रेडेशन में सफल प्रतिभागियों को बेल्ट प्रदान किया गया, जबकि उत्कृ ष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि **श्वेतांक** सेन और विशिष्ट अतिथि राम चटर्जी ने मेडल देकर सम्मानित किया।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सहायक आचार्यों की नियुक्ति की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने – मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– झारखंड में नियुक्तियों का दौर, देश में पर्चा लीक।

प्रभात खबर ने – झारखंड के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है, जिसका शीर्षक है– **उनसठ** केस के रैयतों को नौ करोड़ से ज्यादा मिलेगा मुआवजा।

दैनिक जागरण ने – खूंटी में किशोर–किशोरी की हत्या की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने – 22 से 26 मई के बीच मॉनसून के केरल पहुंचने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

***********समाप्त************